आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No.1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW



# आजसू महिला संघ कमेटी का गठन, वीणा कुमारी बनीं अध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर आजसू पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड महिला संघ के रांची जिला कमेटी का गठन किया गया। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत सूची जारी करते हुए कहा कि रांची जिला कमेटी (महिला) में एक अध्यक्ष, एक कार्यकारी अध्यक्ष, छह उपाध्यक्ष, एक प्रधान सचिव, एक संगठन सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक प्रवक्ता सहित तीस सचिव बनाये गये हैं।




### सूची इस प्रकार है

अध्यक्ष-वीणा कुमारी, कार्यकारी अध्यक्ष- सुमन मुंडरी, उपाध्यक्ष जानकी देवी, रमनी-बाला, रिंकी गुप्ता, सुमन पाहन, अनिता गाड़ी एवं रीता रानी कुजूर, प्रधान सचिव परमेश्वरी शांडिल, संगठन सचिव-वीणा मुंडा, कोषाध्यक्ष-संध्या बंदो, प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी मंजू सिंह मुंडा, सचिव- चारू बाला देवी, पूनम देवी, बेबी यासीन, कौशल्या देवी, उषा देवी, बैजंती देवी, शीला देवी, रुपम देवी, आरती देवी, रीता महली, सीमा साहू, मंजू देवी, उषा किरण, भारती देवी, फूलकुमारी देवी, सावित्री देवी, सविता महली, जानकी देवी, सरिता देवी, तिलेश्वरी देवी, काजल किरण, अनिता देवी, बलमदिना, चंचला देवी, सारथी देवी, सरन देवी, इंदिरा देवी, बिरला देवी, गीता मुंडा तथा स्नेहा दास।

# 22 वर्षों में सबसे बदहाल बिजली सेवा गद्दी छोड़े हेमंत सरकार : संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

रांची। सांसद संजय सेठ ने बुधवार को रांची में बिजली, ट्रैफिक, स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अविभाजित बिहार के समय भी बिजली सेवा इतनी बदहाल नहीं थी। अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी ऐसे हालात नहीं देखे। अभी राजधानी रांची में 6-8 घंटे बिजली ही पिछले 3 माह से नसीब हो रही है। ग्रामीण इलाकों में तो 3-4 घंटे भी दर्शन नहीं। इससे बच्चों की पढ़ाई, व्यापार, सिंचाई और दूसरे कार्यों पर गहरा असर पड़ रहा है। इसी व्यवस्था में बाहर से निवेशकों को बुलाने को रोड शो होता है। 500 करोड़ का भुगतान की खातिर बिजली सेवा अभी पस्त है। मुख्यमंत्री, मंत्रियों का चेहरा चमकाने को फ्लैक्स, बैनरों के लिए पैसे हैं पर बिजली के भुगतान के लिए सरकार की जेब खाली है। या तो फिर सरकार बिजली दे या गद्दी छोड़े।



**बदहाल स्वास्थ्य सेवा**

सांसद ने रिम्स, रांची में लचर होती स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी राज्य सरकार को घेरा। कहा कि हाइकोर्ट भी इस पर टिप्पणी कर चुका है।

उम्मीद थी कि नये डायरेक्टर के तौर पर रांची के ही कामेश्वर के आने के बाद हालात बेहतर होंगे, पर हुआ नहीं। पहले तीन सालों से सप्लायरों को आपूर्ति के एवज में भुगतान नहीं हुआ है। ऐसे में अब मामूली पैथोलॉजी जांच भी नहीं हो पा रही। सांसद ने इडी द्वारा पल्स अस्पताल, रांची को टेक ओवर किये जाने की संभावनाओं पर कहा कि ऐसा होता है तो इस अस्पताल को अपने अंदर लेने के बाद इसे इडी जनकल्याण के वास्ते किसी जवाबदेह एनजीओ, रामकृष्ण मिशन या अन्य को इसके संचालन का मौका दे।

**तुष्टिकरण की राजनीति**

संजय सेठ के मुताबिक रांची मेन रोड दंगा मामले में हेमंत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति करने लगी है।

दोषियों, अपराधियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ वाजिब एक्शन लेने की बजाय जांच समिति को अवधि विस्तार ही नहीं दिया। रांची की ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई हुई है। ढाई सालों से ट्रैफिक एसपी नहीं हैं। संभवतः यह देश की इकलौती राजधानी होगी, जहां बगैर ट्रैफिक एसपी के ही ट्रैफिक को संभालने की नकली कवायद हो रही।

## अमित अग्रवाल मामला

# सीबीआइ जांच से दूध का दूध और पानी का पानी होगा : दीपक प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा अमित अग्रवाल के मामले की सीबीआइ जांच के आदेश का स्वागत किया है। श्री प्रकाश ने कहा कि अमित अग्रवाल राज्य के कई बड़े लूट और भ्रष्टाचार का मास्टर माइंड है।

उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं अमित अग्रवाल राज्य में सत्ता के शीर्ष पर बैठे मुख्यमंत्री का खासम खास भी है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और उसे प्राप्त सरकारी संरक्षण को लगातार उजागर कर रही है। जिस प्रकर से सत्ता के दलालों, ब्यूरोक्रेसी के कतिपय भ्रष्ट अधिकारियों ने राज्य के सत्ताधारियों के संरक्षण में लूट का तांडव मचाया है उसका सफाया राज्य हित में आवश्यक है। इडी की कार्रवाई से लगातार भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसी जा रही। अब सीबीआइ जांच के आदेश से जांच की प्रक्रिया तेज होगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के उजागर मामलों में दूध का दूध और पानी का पानी होना राज्य हित में जरूरी है। गिरफ्तार अमित अग्रवाल को बेल नहीं देकर सीबीआइ जांच का आदेश करना न्यायालय का स्वागत योग्य आदेश है।



# आइएएस अबू इमरान के लातेहार के कार्यकाल की जांच करायें : प्रतुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार के पूर्व उपायुक्त अबू इमरान के खिलाफ मुख्य सचिव ने पलामू कमिश्नरी को जांच करने का निर्देश दिया है। इन पर कई गंभीर आरोप लगे हुए हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर लातेहार उपायुक्त के पूरे कार्यकाल की उच्च स्तरीय जांच की मांग सरकार से की है। प्रतुल ने ट्वीट में कहा कि इनके लातेहार में डीसी के कार्यकाल के दौरान कई घोटाले हुए। घोटालेबाज पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। कोरोना काल के दौरान भी कई घोटाले हुए। मेडिकल किट खरीदारी में अनियमितता बरती गयी। बने हुए हॉस्पिटल को ही तोड़फोड़ कर दोबारा रिपेयरिंग के नाम पर करोड़ों रुपये की निकासी की गयी। डीएमएफटी फंड से प्रभावित गांवों में पसंदीदा सप्लायर को काम देने के लिए दूसरे जगह में काम करवाया। प्रतुल ने कहा कि अबू इमरान के कार्यकाल में बिना किसी निविदा के कोचिंग क्लासेस करवाना, पुस्तक की सप्लाई करवाना, तालाब का निर्माण करवाना के भी गंभीर आरोप लगे। इसके अलावा उग्रवाद प्रभावित जिलों में मिलने वाला केंद्रीय फंड का भी दुरुपयोग किया गया। तालाब बनवाने के नाम पर करोड़ो रुपयों की बंदरबाट की गयी। इनके कार्यकाल में जिला स्तरीय बहाली में भी पक्षपात का आरोप लगा। पूर्व विधायक बंधु तिर्की के साथ फोन कॉल के दौरान इनका एक संप्रदाय विशेष का पक्ष लेना पूरे मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ था। प्रतुल ने मांग की कि सरकार को तत्काल आइएएस अबू इमरान को चतरा जैसे संवेदनशील जिला से हटा कर इन के पूरे कार्यकाल की उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए।



# राज्यसभा हॉर्स ट्रेडिंग मामले में इडी ने आला अधिकारियों से मांगा दस्तावेज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इडी ने राज्यसभा हॉर्स ट्रेडिंग-2016 मामले में शीर्ष पुलिस अधिकारी और रांची एससपी को पत्र लिखा है। पत्र में राज्यसभा हॉर्स ट्रेडिंग- 2016 से संबधित दस्तावेज की मांग की गयी है। बता दें कि इस मामले में चुनाव आयोग के निर्देश पर जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। जिसमें आइपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता और तत्कालीन सीएम के प्रेस सलाहकार को अभियुक्त बनाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इसके बाद इस मामले में तत्कालीन सीएम को अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया। साथ ही इस मामले में पीसी एक्ट की धाराएं जोड़ी गयी हैं। पीसी एक्ट की धाराएं जोड़े जाने के बाद इस मामले की जांच डीएसपी को सौंप दिया गया। जांच अधिकारी के स्तर से इस मामले को बंद करने की अनुशंसा की गयी थी। वहीं पुलिस से मिलनेवाले दस्तावेज में तथ्यों की कानूनी नजरिये से समीक्षा के बाद प्राथमिकी दर्ज करने पर अंतिम निर्णय होगा।

# सरयू राय ने पुलिस की कार्य संस्कृति पर उठाये सवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय विधायक सरयू राय ने झारखंड पुलिस की कार्य संस्कृति पर सवाल उठाये हैं। श्री राय ने अपने ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट किया है कि यह रहस्यमय अधिसूचना झारखंड पुलिस की कार्य संस्कृति का नमूना है। डीजीपी के आदेश के बिना एक एएसआइ की पोस्टिंग अपने पास करने के लिए एडीजी, प्रशिक्षण ने मौखिक आदेश से एसपी, सीटीसी, मुसाबनी से अधिसूचना निकलवाया। क्या धनबाद का पुराना अनुभव विधायकों और अधिवक्ता राजीव को फांसने में काम आया? इसके साथ ही श्री राय ने अधिसूचना की कॉपी भी संलग्न की है।



# उच्च शिक्षा, शोध पर जीडीपी का दो प्रतिशत बजट निर्धारित हो : याज्ञवल्क्य शुक्ल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने शिक्षा तथा वर्तमान में चल रहे महत्वपूर्ण विषयों पर दिल्ली में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस प्रेस वार्ता में अभाविप के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने उच्च शिक्षा तथा शोध क्षेत्र में अधिक बजट आवंटित करने, राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान के लिए निर्धारित बजट को चरणबद्ध तरीके से जारी करने; भारतीय भाषाओं में तकनीकी, मेडिकल सहित सभी पाठ्यक्रमों को पढ़ने का अवसर देने, कोरोना के उपरांत विलंब से चल रहे अकादमिक सत्र को पुनः पटरी पर लाने तथा एनटीए द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाओं में विलंब तथा तकनीकी दिक्कतों को ठीक करने, प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी ढंग से आयोजित कराने आदि विषयों को उठाया तथा उपर्युक्त विषयों पर छात्रों के हित में सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। गौरतलब हो कि अभाविप का 68वां राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में 25-27 नवंबर के मध्य संपन्न हुआ, राष्ट्रीय अधिवेशन में योगगुरु बाबा रामदेव तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री क्रमशः उद्घाटन सत्र तथा यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन में कुल पांच प्रस्ताव हजारों प्रतिनिधियों के साथ व्यापक चर्चा व सुझाव के द्वारा पारित हुए। अभाविप के इन पांच प्रस्तावों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए बजट के आवंटन, भारतीय ज्ञान परंपरा से युक्त भारतीय भाषाओं में पढ़ाई होने, आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पीएफआइ जैसे संगठनों व उनसे सहानुभूति रखने वालों का कड़ा प्रतिकार करने तथा भारत की वैश्विक पटल पर उभरती भूमिका जैसे विषयों को उठाया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का अगला राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में आयोजित किया जायेगा। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि भारत की शिक्षा व्यवस्था एक व्यापक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। भारत में करोड़ों की संख्या में छात्र हैं, उनकी आशाओं को यदि पंख देना है तो भारत सरकार के साथ राज्य सरकारों को इमानदारी से काम करना होगा। अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन में भविष्य का ध्यान रख जो प्रस्ताव पारित हुए हैं, उनमें उल्लेखित बातों को धरातल पर उतारने के लिए अभाविप कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है। अभाविप दिल्ली के प्रदेश मंत्री अक्षित दहिया ने कहा कि, देश में शिक्षा व्यवस्था को नवाचारों से जोड़ने के प्रयास तीव्र होने चाहिए। भारत में छात्रों की कुल संख्या विश्व के अनेक देशों की कुल संख्या से भी ज्यादा है, ऐसे में युवाओं को शोध, स्किल तथा अच्छी शिक्षा द्वारा एक ऐसे वैश्विक नागरिक के रूप में गढ़ना होगा जो विश्व का नेतृत्व करने वाला है। हम शिक्षा क्षेत्र से संबंधित छात्रों की मांगों को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। अभाविप की प्रेस वार्ता में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, अभाविप दिल्ली प्रदेश मंत्री अक्षित दहिया उपस्थित रहे।

**भारतीय भाषाओं में हों शिक्षा के अधिकाधिक अवसर : अभाविप**

**अकादमिक सत्र में विलंब, प्रवेश परीक्षाओं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताएं चिंताजनक**

**अभाविप का 68वां राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में संपन्न, अगला राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में होगा आयोजित**



## टेट पास पारा शिक्षक मामला

# हाइकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में टेट पास पारा शिक्षकों के समायोजन से जुड़े मामले पर बुधवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि पिछली सुनवाई को दौरान हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन और न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने सरकार से पूछा था कि टेट पास शिक्षकों के समायोजन को लेकर क्या कदम उठाये गये हैं। जिसपर सरकार ने अदालत को बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा गठित कमेटी ने कई सुझाव दिये हैं।

**पारा शिक्षक 15 वर्ष से अधिक समय से काम कर रहे**

बता दें कि प्रार्थी सुनील कुमार यादव एवं अन्य के द्वारा करीब 111 याचिकाएं पारा शिक्षकों के सहायक शिक्षक के रूप में वेतन एवं नियमितिकरण के मामले में हाइकोर्ट में दाखिल की गयी है। याचिका में कहा गया है कि पारा शिक्षक 15 वर्ष से अधिक समय से काम कर रहे हैं। वे शिक्षक पद की अहर्ता भी पूरी करते हैं। याचिका में मुख्य मांग यह की गयी है कि राज्य सरकार उनकी सेवा स्थाई करे और उन्हें सहायक शिक्षक के पद पर समायोजित करे। अब अदालत इस मामले में क्या फैसला सुनाता है यह देखना काफी महत्वपूर्ण है।

# दस लाख की रंगदारी मांगने वाले दो गिरफ्तार, मोबाइल भी जब्त

**आजाद सिपाही संवाददता**

**रांची।** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने दस लाख रुपये की रंगदारी मांगने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में केशव सिंह और रितिक यादव उर्फ बिट्टू यादव शामिल है। दोनों सुखदेवगनर थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से वह मोबाइल और सिम कार्ड भी बरामद किया गया है, जिसका इस्तेमाल रंगदारी मांगने के लिए किया गया था। दरअसल 29 नवंबर को पवन कुमार सिंह उर्फ बबलू चौधरी ने थाने में लिखित शिकायत की थी कि उनसे दस लाख रुपये की रंगदारी मांगी गयी है। टीम ने अनुसंधान के दौरान प्रयोग किये गये मोबाइल नंबर के टावर लोकेशन के आधार पर आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि टीम में थाना प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा, मनदीप उरांव, अजीम अंसारी, शाह फैसल और एसएसपी की क्यूआरटी टीम शामिल थे।

# रांची रेल मंडल से 13 लोग सेवानिवृत्त हुए



रांची (आजाद सिपाही)। रांची रेल मंडल से बुधवार को एक अधिकारी आलोक रंजन दास, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता ( टीआरडी ) और 12 कर्मचारी सेवानिवृत हुए। सभी को समस्त सेवानिवृत्ति भुगतान सौंपा गया। इस मौके पर मंडल कार्मिक अधिकारी माणिक शंकर ने सभी को अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की शुभकामना देते हुए स्वागत किया। अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार ने कहा कि अब आपको अपने रुचि का काम करने का वक़्त मिलेगा। इस अवसर पर मंडल लेखा अधिकारी (समन्वय) के प्रवीण कुमार, सहायक लेखा अधिकारी राउतु कलौंडिया, सहायक कार्मिक अधिकारी चित्तरंजन कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होनेवाले व्यक्तियों के नाम इस प्रकार हैं—रूहल अमीन चौधरी, रमेश उरांव, नेहरू कीरो, मदन सिंह, परसू राम सिंह, श्री कानू भूषण मजूमदार , सोमनाथ उरांव, देबाशीष चक्रवर्ती, रवींद्र नाथ दास गोस्वामी, चंद्रकांता भट्टाचार्य, चंडी दास कर एवं कपिल महतो।

## मुलाकात : पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिले कांग्रेसी नेता

# झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात के बारे में बताया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, नेता विधायक दल आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख व विधायक प्रदीप यादव ने इंदौर में राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने के बाद झारखंड वापसी के क्रम में बुधवार को दिल्ली पहुंच कर पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की। नेताओं ने श्री वेणुगोपाल से मिल कर झारखंड के राजनीतिक घटनाक्रम एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संगठन महासचिव को प्रदेश में बारह जिलों में अब तक आयोजित हुए भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रदेश में की गयी समितियों के सशक्तीकरण कार्यक्रम के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विगत दिनों झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे के मौजूदगी में सभी नव निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही साथ उन्हें अपने दायित्व एवं कर्तव्यों के पालन का प्रशिक्षण भी दिया गया।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संगठनात्मक कार्यक्रम के साथ साथ पार्टी की ओर से प्रदेश एवं जिलास्तर पर केंद्र सरकार के द्वारा केंद्रीय एजेंसियों व संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के विरोध में आंदोलनों की भी जानकारी दी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रदेश के नेताओं की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा को आम लोगों का अपार समर्थन मिला है।

### झारखंड के पदयात्रियों को किया गया सम्मानित



रांची। बुधवार को पदयात्रा के दौरान मध्य प्रदेश के उज्जैन में झारखंड के पदयात्रियों को प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी, कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो एससी विभाग के चेयरमैन केदार पासवान, कला-संस्कृति के चेयरमैन भानू प्रताप बड़ाईक ने शॉल और भारत जोड़ो यात्रा का लोगों लगा टी-शर्ट देकर सम्मानित किया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी, कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो ने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव की बात है कि झारखंड से भी हमारे नेता-कार्यकर्ताओं ने लगातार पैदल चल कर झारखंड को गौरवान्वित करने का काम किया। इनकी वजह से झारखंड भी इस ऐतिहासिक पल का गवाह पूरे देश में बन रहा है जो झारखंड के लिए गर्व की बात है।

# अवैध खनन केस: जिन्हे इडी ने गवाह बनाया उसे साहिबगंज पुलिस ने भेजा जेल, लगाया सीसीए

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के संताल परगना में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने जिन लोगों को अपना गवाह बनाया था, उसे साहिबगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर न सिर्फ जेल भेजा था, बल्कि झारखंड सरकार से उसपर सीसीए की अनुशंसा की थी और सीसीए लगवा भी दिया. अवैध खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत अनुसंधान के दौरान ईडी ने बीते आठ जुलाई को साहिबगंज में मुख्यमंत्री के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और उनके अन्य सहयोगी के 20 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी. इस छापेमारी में ईडी ने कुल 5.32 करोड़ रुपये नकदी बरामद की थी. छापेमारी में करोड़ों के बैंकिंग लेन-देन व निवेश से संबंधित दस्तावेज भी मिले थे. इसके लिए ईडी ने विधिवत जब्ती सूची तैयार की थी. जब्ती सूची पर नियमत गवाहों का दस्तखत होता है.

### साहिबगंज पुलिस ने विजय हांसदा को आर्म्स एक्ट में किया गिरफ्तार

साहिबगंज पुलिस ने 1000 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक और गवाह को गिरफ्तार किया है. साहिबगंज पुलिस ने बीते 12 नवंबर 2022 को विजय हांसदा को आर्म्स एक्ट और आईपीसी की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है. बता दें कि विजय हांसदा 1000 करोड़ रुपये के अवैध पत्थर खनन मामले में ईडी का गवाह है, पुलिस ने उनके बेटे मनोज हांसदा को भी गिरफ्तार कर लिया है. जिले के जिरवाबाड़ी थाना अंतर्गत भवानी चौकी के रहने वाले को पुलिस ने बंदूक की नोक पर ग्रामीणों को धमकाने के आरोप में गिरफ्तारी की है. जिला पुलिस ने उन्हें हथियार और गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है. इनके खिलाफ 286/22 की प्राथमिकी दर्ज की गई है. दोनों का आपराधिक इतिहास भी रहा है.

### इडी का प्रमुख गवाह मुंगेरी यादव का बेटा है

झारखंड के साहिबगंज जिले की पुलिस ने बीते 29 जुलाई ईडी के एक प्रमुख गवाह के पिता को ही गिरफ्तार कर लिया था. अवैध खनन के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जांच कर रही ईडी के गवाह के पिता जय प्रकाश यादव उर्फ मुंगेरी यादव को पुलिस ने एयरपोर्ट इलाके से आर्म्स एक्ट के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी के बाद मुंगेरी यादव को साहिबगंज पुलिस अपने साथ ले गई. मुंगेरी यादव के खिलाफ राजमहल थाना प्रभारी प्रणीत पटेल की लिखित शिकायत पर आर्म्स एक्ट के तहत सात मार्च 2022 को केस दर्ज हुआ था. इस मामले में ही उसकी गिरफ्तारी की गई थी. जिसके बाद मुंगेरी यादव के ऊपर बीते 19 अगस्त को सीसीए को भी लगा दिया गया.

### इडी का गवाह बनते ही अशोक यादव को पुलिस ने भेजा था जेल

साहिबगंज क्षेत्र में बीते आठ जुलाई को अवैध खनन मामले में ईडी की छापेमारी के बाद से ही साहिबगंज पुलिस भी सक्रिय हो गई थी. 30 जुलाई को साहिबगंज पुलिस ने अशोक यादव को गिरफ्तार कर लिया था. अशोक यादव को दाहू यादव के जहाज पर गोलीबारी मामले में साहिबगंज के मुफस्सिल थाने में दर्ज केस में गिरफ्तार किया गया था. उसपर आधा दर्जन केस है, जो बिजली चोरी, अवैध खनन व आर्म्स एक्ट से संबंधित हैं. 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में ईडी ने जिस अशोक यादव को अपना गवाह बनाया था, उसे साहिबगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर न सिर्फ जेल भेजा था, बल्कि झारखंड सरकार से उसपर सीसीए की अनुशंसा की थी और सीसीए लगवा भी दिया.

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक-753 006 (ओडिशा), भारत
Cuttack -753 006, (Odisha), India, PHONE : 0671-2367768-783,
FAX: 0671–2367663, E-mail: director.nrri@icar.gov.in/sao.nrri@icar.gov.in

Advertisement No. 35/AFO/2022-23

Walk-in-Interview is to be held on **08.12.2022 for selection of one (01) Agricultural Field Operator (AFO)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Evaluation of bio efficacy and phytotoxicity of Chlorantraniliprole 0.6% + Thiamethoxam 1.25% + Fipronil 1.25% GR (TAS0211) against major insect pests of paddy" (EAP-386).** The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in.**

**PRINCIPAL INVESTIGATOR**

## किशोर मंत्री ने स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन आरयू के छात्रों को किया संबोधित



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री बुधवार को स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन, रांची विश्वविद्यालय में आये जहां विभाग के निदेशक प्रो. डॉ.बी.पी. सिन्हा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया इसके बाद किशोर मंत्री ने विभाग के छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्रों को कहा कि आप सभी डूब कर अपने पैशन के क्षेत्र में परिश्रम करें। यह परिश्रम ही आप को सफलता की ओर ले जायेगा । किशोर मंत्री ने छात्रों को झारखंड चेंबर आफ कॉमर्स के कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चेंबर झारखंड के विकास और आम जन के हर क्षेत्र में सुविधाओं के लिये चेंबर सदैव प्रयासरत रहता है। साथ ही चेंबर सरकार को समय समय पर आमजन की समस्याओं से अवगत कराते हुये उचित सलाह भी देता है। किशोर मंत्री ने विभाग में आकर छात्रों से मिलने और बात करने पर हर्ष जताते हुये कहा कि झारखंड चेंबर आफ कॉमर्स जल्द ही स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन में छात्रों के बीच एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस अवसर पर निदेशक डॉ. सिन्हा के साथ स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के शिक्षक संतोष उरांव, संकर्षण परिपूर्णन, मनोज कुमार शर्मा, पी.एस. तिवारी, सुशील रंजन, किरण साहू उपस्थित थे।

## विश्वविद्यालय के विकास में योगदान दिया



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय रांची के सभागार में सेवानिवृत्त शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। इनमें स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) सुधा सिंह, केन्द्रीय पुस्तकालय के शिक्षकेतर कर्मचारी बी एन उरांव, एवं बी. बागची तथा हिन्दी विभाग के विनोद कुमार गुप्ता शामिल हैं। विदाई समारोह के अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) अजीत सिन्हा ने कहा की आपने कार्यक्षेत्र में बेहतरीन तरीके से विश्वविद्यालय के विकास में योगदान दिया है। भविष्य में विश्वविद्यालय को कभी आपकी जरूरत पड़े तो आप सबके सहयोग की अपेक्षा रहेगी। आप सबके सुखद और मंगलमय जीवन की कामना करता हूं। कुलपति महोदय ने सभी को पुष्पगुच्छ एवं शाल देकर सम्मानित किया तथा साथ में पीएफ की राशि और पेंशन पेपर भी उक्त अवसर पर दिया। इस कार्यक्रम में प्रोवीसी प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ. एम सी मेहता, एफ ओ डॉ ए एन शाहदेव, डॉ. स्मृति सिंह, आइएलएस निदेशक प्रो. (डॉ.) विजय कुमार सिंह, उप कुलसचिव अजय लकड़ा वी के देवघरीया आदि उपस्थित रहे।

## बैंक लोन नहीं मिलने से लाइट हाउस के लाभुकों को टूटता दिख रहा आशियाना का सपना

# लोन के लिए बैंक और अंचल कार्यालय दौड़कर थक चुके लाभुक सरेंडर करना चाहते हैं आवास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के लाइट हाउस प्रोजेक्ट में मकान आवंटित होने के बाद भी कई लोगों को अपना आशियाना मिलने का सपना टूटता दिख रहा है. 19 जुलाई को धुर्वा में बन रहे लाइट हाउस के 1008 फ्लैट का आवंटन लॉटरी के जरिये हो गया था. लाभुकों ने 20 हजार रुपए की पहली किश्त भी जमा कर दी है, लेकिन अब बैंक से लोन मिलने में दिक्कत होने से लाभुक परेशान हैं. 2015 से पहले से रांची में रहने वाले निम्न आय वर्ग के लोगों को लाइट हाउस में मकान अलॉट हुआ है, लेकिन बैंक लोन के लिए उन्हें कम से कम 30 साल पहले का प्रॉपर्टी सर्टिफिकेट चाहिए. लाभुक लोन के लिए बैंक और ब्लॉक का चक्कर लगा रहे हैं. लोन के लिए भाग-भागकर परेशान हो चुके कई लाभुक अपना आवास सरेंडर करना चाह रहे हैं।

### पत्नी का आय प्रमाण पत्र और इनकम टैक्स रिटर्न सर्टिफिकेट मांगा गया

एक लाभुक ने बताया कि लाइट हाउस के आवंटन में हुई लॉटरी में सीनियर सिटीजन को वरीयता दी गई. उन्हें आवास आवंटित भी हो गया, लेकिन अब लोन लेने के लिए परेशान हैं. लोन के लिए केनरा बैंक में अप्लाई किया तो वहां पत्नी का आय प्रमाण पत्र और इनकम टैक्स रिटर्न सर्टिफिकेट मांगा गया. पत्नी हाउसवाइफ हैं तो ये सब सर्टिफिकेट कहां से लाएं. वहीं आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए जब अंचल कार्यालय गये तो वहां खतियान, मैट्रिक का सर्टिफिकेट और 30 साल पुराना प्रापर्टी का पेपर मांगा गया. कई बार अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने के बाद भी आय प्रमाण पत्र नहीं बना. इतना ही नहीं लोन अप्लाई के लिए आवंटी को अपने संस्थान का आईकार्ड, वर्तमान आवास का प्रमाण पत्र, ईपीएफ डिटेल, जिस संगठन में काम किया है वहां के कर्मचारियों की संख्या जैसे कई अनावश्यक बिंदुओं की जानकारी मांगी गई है, जिसे भर पाना एक रिटायर्ड आदमी के लिए काफी मुश्किल है. जब एक पढ़े-लिखे और प्राइवेट संस्थान से रिटायर्ड आदमी को लोन के लिए इतना परेशान होना पड़ रहा है तो सोचिए वहां अधिकांश गरीब और कम पढ़े लिखे जिन लोगों को आवास आवंटित हुआ है वे आवास के लिए पैसे कहां से लाएंगे. इसलिए वे अपना आवास ही सरेंडर करना चाह रहे हैं.

## पंचायत स्वयंसेवकों ने की बैठक, मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने का लिया निर्णय

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की बैठक बुधवार को हुई। इस दौरान प्रदेश कमेटी का पुर्नगठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से तरुण कुमार मुर्मू को प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश, चंद्रदीप कुमार को सचिव और संजय कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों की मांग और आंदोलन पर चर्चा की गयी। इस दौरान संघ के सदस्यों ने आंदोलन को फिर से तेज करने पर चर्चा की। वहीं चर्चा के दौरान अध्यक्ष तरूण कुमार मुर्मू ने कहा कि हेमंत सरकार अगर संघ की लंबित मांगों को पूरा नही करती है, तो चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। इसके लिये पंचायत स्वयंसेवकों को एकजुट होना होगा। साथ ही अलग अलग जिलों में बैठक समेत अन्य मुद्दों पर बात की गयी। बैठक मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क में में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश सचिव चंद्रदीप कुमार ने की। वहीं, सचिव चन्द्रदीप कुमार ने कहा कि सरकार पंचायत स्वयंसेवकों के साथ मे सौतेला व्यवहार कर रही है। संघ की लंबित मामलों के लिए सरकार अपने वादे से मुकर रही है। अगर संघ की मांगे पूरी नही होती है तो राज्य मे जोरदार आंदोलन किया जायेगा। प्रोत्साहन राशि हो हटाकर मानदेय लागू किया जाये, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का नाम हटाकर पंचायत सहायक किया जाये, स्थायी किया जाए, बैठक में मुख्य रूप से संजय कुमार, अशोक राय, राजेन्द्र नायक समेत सैकड़ो स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## रांची नगर निगम फिर लाइट हाउस के 111 फ्लैट के लिए करेगा लॉटरी

**रांची (आजाद सिपाही)।** लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 111 फ्लैट के आवंटन के लिए रांची नगर निगम फिर से लॉटरी करेगा। 19 जुलाई को लॉटरी के बाद लाइट हाउस में बन रहे 1008 फ्लैट का आवंटन हुआ था लेकिन इनमें से 111 आवेदकों ने कई बार नोटिस के बाद भी पहली किस्त की राशि (20 हजार) जमा नहीं की है। ऐसे में रांची नगर निगम वेटिंग लिस्ट में शामिल लाभुकों को बचे हुए आवास का आवंटन करेगा। 10 दिसंबर को नगर निगम के आठवें तल्ले पर लॉटरी की प्रक्रिया होगी। अब ऐसे में जिन आवेदकों का नाम प्रतीक्षा सूची में अंकित है, वैसे आवेदकों को शेष बचे आवासों का आवंटन किया जाएगा। इसकी सूची निगम की वेबसाइट पर दी गई है। निगम के मुताबिक लॉटरी सिस्टम से 111 आवासों का आवंटन वेटिंग लिस्ट के आवेदकों के बीच होगा। इसके लिए 10 दिसंबर को निगम के आठवें तल्ले पर निर्धारित प्रक्रिया अपनायी जाएगी। योग्य आवेदक जरूरी कागजातों के साथ इस दिन लॉटरी प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

## रांची जिला के पांच राशन डीलरों का लाइसेंस रद्द

**रांची (आजाद सिपाही)।** जिला के पांच राशन डीलरों का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। इन सभी डीलरों का लाइसेंस अलग-अलग वजहों से रद्द किया गया है। जिन डीलरों का लाइसेंस रद्द किया गया है उसमें जयेश कुमार जन वितरण प्रणाली दुकान, आदर्श धुर्वा सीसी स्टोर जन वितरण प्रणाली दुकान, शांति कुमारी जन वितरण प्रणाली दुकान, लूटन प्रसाद जन वितरण प्रणाली दुकान और योगेंद्र प्रसाद जन वितरण प्रणाली दुकान शामिल हैं।

## और तल्ख होंगे राजभवन और झारखंड सरकार के रिश्ते?

# टीएसी के गठन को लेकर बढ़ता विवाद, राजभवन ने झारखंड सरकार से पूछा सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजभवन और झारखंड सरकार के बीच तल्खी बढ़ने लगी है? एक बार फिर राजभवन और झारखंड सरकार के बीच टकराव बढ़ सकता है। इस बार वजह है जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी)। इसके गठन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इस विवाद को एक बार फिर हवा मिल गयी है। इसे लेकर राजभवन ने झारखंड सरकार से सवाल किया है।

### टीएसी की बैठक पर राजभवन के सवाल

लंबे समय से चला विवाद टीएसी की बैठक के बाद बढ़ने लगा है। राजभवन की तरफ से टीएसी के गठन की नियमावली असंवैधानिक बताने के बावजूद टीएसी की बैठक आयोजित कर दी गयी। इस बैठक को राजभवन ने गंभीरता से लिया है। राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी नितिन मदन कुलकर्णी ने मुख्य सचिव के माध्यम से सरकार से पूछा है कि आखिर राजभवन की आपत्ति के बावजूद जवाब दिए बगैर कैसे टीएसी की बैठक आयोजित की गयी। इतना ही नहीं इसे संविधान की पांचवीं अनुसूची के प्रविधानों के खिलाफ भी बताया गया है। इस मामले पर अब तक सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया।

### तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के वक्त का है मामला

टीएसी के गठन का विवाद नया नहीं है तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के समय से ही इसे लेकर विवाद चल राह है। उन्होंने भी राजभवन से दो सदस्यों के मनोनयन नहीं होने पर सवाल उठाया था। सरकार ने उस वक्त भी इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और मामला ठंडे बस्ते में चला गया। अब एक बार फिर इसे लेकर विवाद बढ़ रहा है। झारखंड सरकार ने टीएसी के गठन को लेकर नई नियमावली गठित कर दी। इसमें स्पष्ट कर दिया कि फाइल राजभवन की स्वीकृति के लिए नहीं भेजी गई।

### पूरा मामला समझें क्या था विवाद

झारखंड सरकार ने टीएसी गठन से संबंधित फाइल स्वीकृति के लिए राजभवन भेजी थी। राजभवन ने इसे असंवैधानिक बताते हुए वापस कर दिया था और इसमें जरूरी संशोधन का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने इसमें कोई संशोधन नहीं किया और टीएसी की बैठक बुला ली। पूरा विवाद इसे लेकर है। राज्यपाल ने टीएसी के गठन की फाइल कानूनी सलाह लेकर लौटायी थी, गठित नियमावली को असंवैधानिक बताते हुए राजभवन की तरफ से कहा गया था कि टीएसी के गठन में कम से कम दो सदस्यों का मनोनयन राजभवन की तरफ से होना चाहिए। इसके अलावा पांचवीं अनुसूची के तहत नियमावली पर भी उनकी स्वीकृति जरूरी थी।

## श्रीराम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रदेश युवा अध्यक्ष बने पवन गुप्ता



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्रीराम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीतांबर महाराज ने पवन कुमार गुप्ता को ट्रस्ट का प्रदेश का युवा अध्यक्ष नियुक्त किया है। सेना से सेवानिवृत पवन गुप्ता जाने-माने समाजसेवी हैं। ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह ने उन्हें युवा अध्यक्ष बनाये जाने पर शुभकामनाएं और बधाई दी है। पीतांबर महाराज ने उम्मीद जतायी है कि उनके नेतृत्व में ट्रस्ट का समाज सेवा का कार्य और जोर पकड़ेगा।

## किट को खेलों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार से सम्मानित किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के खेल एवं युवा व्यापार मंत्रालय ने किट को इस साल के राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया। किट & किस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त किया। केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खेल संस्थानों सहित कॉरपोरेट्, विभिन्न खेल नियंत्रण बोर्डों, गैर सरकारी संगठनों को दिया जाता है, किट को सम्मान देने के लिए राष्ट्रपति और भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए, डॉ. सामंत ने कहा कि यह पुरस्कार किट की स्थापना के बाद से खेलों के विकास की दिशा में निरंतर ध्यान देने के लिए दिया गया है। ह्रशिक्षा के साथ, हमने खेल और क्रीड़ा से संबंधित बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। खेल के प्रति ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के प्रोत्साहन और समर्थन ने भी किट को ओडिशा में खेलों को विकसित करने और अगले स्तर तक ले जाने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने किट के सभी छात्रों और स्टाफ सदस्यों को भी पुरस्कार समर्पित किया। किट 20 से अधिक वर्षों से खेलों को बढ़ावा देने में सबसे आगे है। इसने अपने अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे और ओलंपियन को तैयार करने के लिए दुनिया भर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। विश्वविद्यालय ने वर्षों से सैकड़ों खिलाड़ियों की शिक्षा और प्रशिक्षण को प्रायोजित किया है। किट ने ओलंपियन जैसे दुती चंद (अर्जुन अवार्ड), ओलंपियन सीए भवानी देवी (अर्जुन अवार्ड), ओलंपियन शिवपाल सिंह, ओलंपियन अमित रोहिदास (अर्जुन अवार्ड) सहित कई एलीट एथलीट तैयार किए हैं।

# कुमार नृपेंद्र नाथ शाहदेव एक अविस्मरणीय स्काउट



आजादी का अमृत महोत्सव चल रहा है। पूरा देश इसका आयोजन बहुत धूमधाम से कर रहा है। इस अवसर पर हमें अपने क्रांतिवीरों , महापुरुषों, शहीदों और जिन खिलाड़ियों ने अपने अतुलनीय योगदान से देश का सिर गर्व से ऊंचा किया उनकी गौरवगाथा और स्वर्णिम इतिहास को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी जिम्मेवारी है। आजादी के दौर में रांची जिले में ऐसे कई महत्वपूर्ण व्यक्ति हुए हैं जिनकी कीर्ति को नहीं बुलाया जा सकता। ऐसे ही एक विश्व प्रसिद्ध स्काउट रांची जिला स्कूल से निकले जिनका नाम कुमार नृपेंद्र नाथ शाहदेव था। जिला स्कूल के ठीक पीछे बने जमीनदारी हॉस्टल जिसे अब मारवाड़ी महिला महाविद्यालय के नाम से जाना जाता है इसमें रहकर जिला स्कूल में पढ़ाई करते थे और इसी के खेल मैदान में स्काउटिंग का अभ्यास करते थे। यह वह समय था जब भारत में अंग्रेजों का राज था और खिलाड़ियों को सरकारी प्रोत्साहन कोच, ट्रेनर आदि की कोई सुविधा नहीं मिलती थी। बच्चे अपने परिश्रम, दक्षता एवं कठिन तपस्या से संसार के किसी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता तक मुश्किल से पहुंचते थे। कुमार नृपेंद्र नाथ शाहदेव 25 जून 1947 को मुंबई बंदरगाह से संयुक्त भारत की टीम को लेकर लंदन के लिए एस एस स्ट्रेथमोर नामक समुद्री जहाज से रवाना हुए। यह टीम एक महीने की समुद्री यात्रा कर लंदन पहुंची। वहां से स्काउटिंग के छठे विश्व जंबूरी में भाग लेने के लिए कुमार नृपेंद्र नाथ शाहदेव के नेतृत्व वाली संयुक्त भारत की टीम मायजीन फ्रांस पहुंची। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इंग्लैंड तथा फ्रांस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह आजतक का सबसे बड़ा विश्व जंबूरी है। जिसमें समस्त विश्व के 44000 स्काउट्स ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में कुमार नृपेंद्र शाहदेवको विश्व का दल सर्वश्रेष्ठ स्काउट तथा भारतीय स्काउट को द्वितीय सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया। ग्रेट ब्रिटेन के तत्कालीन सम्राट किंग जार्ज षष्टम् तथा क्वीन मदर मैरी के द्वारा स्काउटिंग का दुनिया में सबसे बड़ा सम्मान बुशमैन थॉग्स प्रदान किया गया। उनके इंग्लैंड प्रवास के दौरान ही भारत को आजादी मिली तथा 15 अगस्त 1947 को लंदन के इंडिया हाउस में एक भव्य कार्यक समारोह का आयोजन किया गया। कांग्रेस पार्टी की ओर से पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसकी अध्यक्षता के लिए श्री अनुग्रह नारायण सिंह को मनोनीत किया था। इनकी अध्यक्षता में सफलतापूर्वक यह समारोह आयोजित गया। कुमार नृपेंद्र नाथ शाहदेव को भारतीय टीम का कप्तान होने के नाते ध्वजारोहण की जिम्मेदारी सौंपी गई। यूनियन जैक को उतारा गया और तिरंगा फहराया गया। स्वदेश लौटने पर स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस दल का गर्मजोशी से स्वागत किया। दिल्ली में प्रधानमंत्री निवास तीन मूर्ति भवन में दिए गए भोज में पंडित नेहरू ने इस दल को भारत के स्वतंत्रता वाहकों की टोली तथा दल के कप्तान कुमार नृपेंद्र नाथ शाहदेव से कहा कि यह देश तुम्हें स्वतंत्र भारत के प्रथम कप्तान के रूप में याद रखेगा।

**कुमार अनुपेंद्र नाथ शाहदेव (पुत्र)**

### लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ आजसू ने किया बुंडू, सोनाहातू व तमाड़ पावर सब स्टेशन का घेराव व धरना प्रदर्शन

# झारखंड झेल रहा बिजली की अनियमितता का दंश: श्याम

**समस्या के निदान के लिए मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को सौंपा गया ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू/सोनाहातू/तमाड़।** बिजली की लचर व्यवस्था के प्रतिवाद में बुधवार को आजसू की ओर से बुंडू पावर सब स्टेशन का घेराव किया गया। साथ ही ज्ञापन सौंपा गया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि बिजली की लचर व्यवस्था के कारण उद्योग धंधे चौपट हो रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। आजसू के तमाड़ विधानसभा प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुंडा ने कहा कि बिजली के लचर व्यवस्था को लेकर पार्टी द्वारा सरकार को अनेकों बार पत्राचार किया गया है, लेकिन बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ है। यदि बुंडू क्षेत्र में कहीं ट्रांसफार्मर जल जाता है तो उसे बदलने में 15 से 20 दिन का समय लगता है, जबकि ट्रांसफार्मर 24 घंटे में बदले जाने का नियम है। केंद्रीय सचिव संजय महतो ने कहा कि बिजली की अव्यवस्था के खिलाफ आजसू एक वर्ष पूर्व भी बुंडू पावर सब स्टेशन में धरना प्रदर्शन कर चुकी है। पर बिजली कटौती बदस्तूर जारी है। जिससे आम जनता त्रस्त हो चुकी है। इस मौके पर श्याम महतो, सुनील कुमार जयसवाल, परमेश्वरी शांडिल, ताराचंद मुंडा, राज किशोर कुशवाहा, हरिहर महतो, दिलीप साहू, रमेश मुंडा, स्नेहा दास, दिलीप मिर्धा, गोवर्धन मछुआ, शिव नाथ तिवारी आदि उपस्थित थे।



लचर बिजली व्यवस्था के प्रतिवाद में बुंडू पावर सब स्टेशन के समक्ष प्रदर्शन करते आजसू कार्यकर्ता।

## जिस उद्देशय के साथ तमाड़ पावर ग्रिड का निर्माण हुआ वो पूरा होता नहीं दिख रहा : जिप सदस्य विजय मानकी



बिजली कटौती से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए आजसू नेताओं-कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सोनाहातू पावर हाउस के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। लगे हाथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम बीडीओ को छह सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। अपने संबोधन में आजसू के केंद्रीय सचिव सुनील कुमार सिंह ने कहा कि ट्रांसफॉर्मर खराब होने पर उसे बदलने में तीन से पांच महीने तक का समय लगता है, जिसमें सुधार की जरूरत है, ताकि लोगों को परेशानी ना हो। इस मौके पर रूपकुमार साहू, रमेश महतो, बसंत महतो, रमेश सिंह मुंडा, दलेल चंद्र महतो, अशोक दास, सुषेण प्रमाणिक, अभिराम महतो आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के उलिडीह पॉवर ग्रिड में भी आजसू पार्टी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिप सदस्य विजय सिंह मानकी ने कहा कि तमाड़ पॉवर ग्रिड का निर्माण जिस उद्देश्य के साथ किया गया था। वह आज पूरा होता नहीं दिख रहा है। वहीं, गूंजल ईकीर मुंडा ने कहा कि उलीडीह पावर ग्रीड से पांच परगना के सभी जगहों में बिजली सप्लाई होती है, लेकिन अनियमित बिजली आपूर्ति से जनता त्रस्त हैं। सरकार को शीघ्र पहल कर नियमित बिजली बहाल करनी चाहिए। वहीं, वरीय उपाध्यक्ष श्याम कुमार महतो ने कहा कि संसाधनों के होते हुए भी आज झारखंड बिजली की अनियमिता का दंश झेल रहा है। जिसमें सुधार करने की जरूरत है। सरकार की नियति में खोट है। इस मौके पर सुकरा सिंह मुंडा, उमेश नायक, प्रेम गुप्ता, नंद किशोर महतो, रोसोराज महतो, विभीषण महतो, रतन सिंह मुंडा और अजय महतो आदि मौजूद थे।

## सिल्ली में भी आजसू कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में बिजली की अनियमितता के प्रतिवाद में आजसू कार्यकर्तों ने सिल्ली स्थित रामडेरा पावर ग्रिड परिसर में बुधवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष जयपाल सिंह, बीना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, लंबोदर महतो, धीरेंद्र नाथ महतो, शिशिर कुमार सिंह, शरत चंद्र महतो, योगेश्वर महतो, तरुण कुमार सिंह, प्रकाश सिंह बड़ाईक, महिला समिति से सविता रानी महतो आदि ने दिया। इस दौरान सभी ने बिजली विभाग औ सरकार की जमकर आलोचना की। सभी ने निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया कि 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए, बीपीएल परिवार को निशुल्क बिजली उपलब्ध कराया जाए, 100 यूनिट तक बिजली बिल माफ किया जाए, बिजली उपभोग का फर्जी बिल देना बंद किया जाए, बिजली बिल में मीटर रीडिंग संशोधन किया जाए, सभी फीडरों को चालू रखा जाए, वरिष्ठ नेता जयपाल सिंह ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर इस लचर व्यवस्था को ठीक किया जाय।

## बुंडू के बिचला टोली में बदला गया खराब ट्रांसफॉर्मर

**बुंडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बिचका टोली में लंबे समय से जले ट्रांसफार्मर को बुधवार को अंततः बदल दिया गया। आजसू के वरीय उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा और ताऊ मुखिया प्रतिनिधि शिव महतो के अलावा जय हो सेवा संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष पवन महतो और संजय महतो के प्रयास से विद्युत विभाग के महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव से मिलकर यथाशीघ्र जले ट्रांसफार्मर को बदलने को लेकर पछले दिनों ज्ञापन सौंपा गया था। जिसके बाद महाप्रबंधक के आदेश से बिचका टोली में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया।**

# छाता नदी पुल पर जल्द ही शुरू होगा डायवर्सन निर्माण कार्य : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** डोड़मा-गोविंदपुर सड़क के छाता नदी पर बने पुल क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों और दूरगामी पथिकों का आवागमन बाधित होने की समस्या को देखते हुए तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने पथ निर्माण विभाग के पथ प्रमंडल खूंटी के कार्यपालक अभियंता ई मणिशंकर तिवारी से बात कर इसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए डायवर्सन निर्माण कराने का निर्देश दिया है। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतें हो रही है। इसलिए इसपर जल्द से जल्द निर्माण हो, ताकि लोग आसानी से आवागमन कर सके। उन्होंने कहा कि गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस रुकती है। काफी लोग रेलयात्रा करने के लिए स्टेशन तक जाने के लिए इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं। कहा कि जल्द ही डायवर्सन का काम शुरू हो जाएगा। साथ ही, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार से इसपर टेंडर कराने की बात कही।

## ऑक्सफोर्ड विद्यालय की संचालिका शिखा सरकार का निधन, क्षेत्र में शोक

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली ऑक्सफोर्ड विद्यालय की संचालिका सह प्राचार्या शिखा सरकार (70) का बुधवार की सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। इससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार मुरी स्वर्णरिखा नदी तट के मुक्तिधाम पर किया गया। वो न सिर्फ अपने विद्यालय की प्राचार्या थी, बल्कि समाज सेवी एवं सामाजिक कार्यक्रम में वह बढ़चढ़ कर हिस्सा लेती थी। वे पूर्व में उसुर्लाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल मुरी में भी शिक्षिका के रुप में सेवा दे चुकी हैं। उनके निधन पर विधायक सुदेश महतो, गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, विद्यालय परिवार एवं शिक्षा जगत के लोगों आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## अड़की में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**अड़की (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डोरेया व अडकी गांव में बुधवार को गरीबों, असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच 50.60 कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर भाजपा एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय मुंडा, सांसद प्रतिनिधि अनूप कुमार साहू, शिव चरण सिंह मुंडा और डोमा मुंडा आदि उपस्थित थे।

## किसान को सब्सिडी में मिला ट्रैक्टर



**राहे (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय में कल्याण विभाग से 40 फीसदी सब्सिटी में लोवाहातू पंचायत के गोवाली गांव के श्रवण सिंह मुंडा को कृषि कार्य के लिए 45एचपी का ट्रैक्टर का वितरण किया गया। इस मौके पर बीडीओ हारून रशीद, सीओ महेंद्र छोटन उरांव, कल्याण पदाधिकारी ऐनुल हक, विधायक प्रतिनिधि संजय सिद्धार्थ, जिला परिषद सदस्य बादल महतो, प्रमुख लीलमनी देवी, उपप्रमुख उमेश प्रसाद, रंग बहादुर महतो आदि थे।

## जिला कृषि विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान



**कर्रा (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला कृषि विभाग की ओर से अड़की प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम बिरबंकी में जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को अफीम की खेती छोड़ कर कृषि विभाग द्वारा वितरण किये जा रहे बीजों की खेती करने को लेकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, स्वीट कॉर्न जैसे नकदी फसलों की खेती की जानकारी दी गई। उद्यान विभाग, कृषि ऋण माफी योजना, झारखंड राज्य फसल राहत योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली टपक सिंचाई योजना, 90 फीसदी अनुदान पर किसानों को बीज प्राप्ति के लिए ब्लॉक चैन में पंजीकरण कराने आदि के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गयी। ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी से किसानों का रेजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन लिए गए। अफीम की खेती से किसानों को दूर करने का एक छोटा सा प्रयास जिला कृषि पदाधिकारी संतोष लकड़ा द्वारा किया गया। इस मौके पर बिरबंकी पंचायत की मुखिया सबिता बाखला, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद रॉय और मयंक कुमार आदि उपस्थित थे।

# रक्षक ने ही किया मॉब लींचिंग: मुस्तफा अंसारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला के तोरपा प्रखंड रोड़ो गांव में इजहार अंसारी के घर में घुसकर पुलिस ने जो बर्बरता किया है वो निंदनिय है। इस घटना से अल्पसंख्यक समुदाय में काफी रोष है।उक्त बातें मुस्तफा अंसारी ने कही। कहा कि इजहार अंसारी कोई अपराधी प्रवृति का व्यक्ति नहीं था, लेकिन क्या ऐसी स्थिति आन पड़ी की दरवाजे को तोड़ कर पुलिस घर में घुसी और वहां मौजूद महिलाओं के साथ दुर्व्यहार किया। इस मामले में शामिल सभी पुलिस कर्मियों पर मॉब लांचिंग कर मामला दर्ज होना चाहिए। कहा कि बड़े उम्मीद के साथ राज्य की जनता ने हेमंत सरकार को लाया था, लेकिन पूरे झारखंड की जनता को निराशा ही हाथ लगी। इस मौके पर जाकिर अंसारी, मुस्लिम फैजी, नसीम अंसारी, मुजाहिद अंसारी, अमानत अंसारी, मोनाजीर हसन अंसारी आदि मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त पांच सीसीएल कर्मियों को दी गयी विदाई

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र में सेवानिवृत्त हुए पांच सीसीएल कर्मियों को महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में समारोह आयोजित कर बुधवार को विदाई दी गई। जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक सीबी सहाय एवं संचालन कार्मिक प्रबंधक आलोक मनीष सोय ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने सेवानिवृत्त साथियों को सेवा काल में उनके व्यवहार एवं कार्यकुशलता, अनुभव को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। महाप्रबंधक सीबी सहाय ने सभी सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मियों को माला, श्रीफल, अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र, सेवा प्रमाण पत्र उपहार एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मियों में महाप्रबंधक के निजी सचिव विश्वनाथ घोष, गुलाब चंद महतो,श्यामा प्रसाद विश्वास, निवास द्विवेदी, मोहम्मद कासिम शामिल है। जीएम सीबी सहाय ने सेवानिवृत्त सभी कर्मियों के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की। इस मौके पर कार्मिक प्रबंधक आलोक मनीष सोय, सहायक महाप्रबंधक निरंजन सेनापति, स्टाफ आफिसर (सिविल) प्रशांत साहू, क्षेत्रीय वित प्रबंधक प्रभात साहू, राजीव वर्मा, डीके शर्मा, वित प्रबंधक विश्वास विश्वकर्मा, एसीसी सदस्य भीम सिंह यादव आदि थे।

### रैयत विस्थापित मोर्चा केडीएच शाखा का सम्मेलन संपन्न

# बाहरी कोई नहीं, सभी रैयत विस्थापितों की समस्याओं का समाधान करें : सरस्वती देवी

**300 गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच हुआ कंबल का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा क्षेत्र के रैयतों, विस्थापितों, प्रभावितों के हक की लड़ाई लड़ रहा है। कोई भी बाहरी नहीं है। जो भी विस्थापित प्रभावित हैं उनकी समस्याओं का समाधान करें। यह बात खलारी पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी ने कही। वो बुधवार को बड़कीटांड में रैयत विस्थापित मोर्चा केडीएच शाखा द्वारा आयोजित पहला सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। रैविमो के एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता ने प्रबंधन से अपील किया कि क्षेत्र के रैयत विस्थापितों व प्रभावितों को उनका हक अधिकार व सुविधाएं दें। प्रमुख सोनी तिग्गा ने कहा कि प्रबंधन को रैयत बिस्थापित के मूलभूत सुविधाओं के लिए सोचना होगा। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि कोयला खदान चलेगा तभी यहां को लोगों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रोजगार मिल सकेगा। इससे पूर्व सम्मेलन के मुख्य अतिथि एनके महाप्रबंधक सहित मोर्चा के पदाधिकारियों ने बड़कीटांड़ में स्थापित नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मंचाशीन अतिथियों को बुके देकर व बैज पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण रामलखन गंझू ने दिया। अध्यक्षता दामोदर गंझू व संचालन प्रभाकर गंझू ने किया। सम्मेलन के अंत में 300 जरूरतमंदों को कंबल बांटा गया। सम्मेलन में जिप सदस्य सरस्वती देवी, प्रमुख सोनी तिग्गा, मुखिया दीपमाला कुमारी, पुतुल देवी, पुष्पा खलखो, तेजी किस्पोट्टा, बिगनसिंह भोगता, नरेश गंझू, एसीसी सदस्य डीपी सिंह, सुनीलकुमार सिंह, प्रेम कुमार, मुकदर लोहार, जालिम सिंह, रतिया गंझू, रामलखन गंझू, रंथू उरांव, देवपाल मुंडा, रामचंद्र उरांव, कन्हाई पासी, सलामत अंसारी, इस्माइल अंसारी, सोनू गंझू, जगरनाथ महतो, सिबता गंझू, दामोदर गंझू, बैजू गंझू, जुल्फान अंसारी सहित काफी संख्या में रैयत, विस्थापित व प्रभावित उपस्थित थे।


जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करते गणमान्य।

## एक से 31 दिसंबर तक होगा मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण माह का आयोजन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण माह के दूसरे चरण में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन अजीत खलखो ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जिले में एक से 31 दिसंबर तक मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण माह का आयोजन किया जाना है जिसके तहत पांच वर्ष तक के बच्चों को उनकी आयु के अनुसार विटामिन ए व आयरन कफ सिरफ दिया जाएगा। सहिया एवं आंगनबाड़ी सेविका द्वारा कुपोषित बच्चों के पहचान की जाएगी और उन्हें आवश्यकतानुसार एमटीसी सेंटर भेजा जाएगा। जहां समुचित इलाज की व्यवस्था होगी। सहियाओं द्वारा नमक में आयोडीन की भी जांच की जाएगी। गर्भवती महिलाओं को दूसरी तिमाही में कृमी की दवा दी जाएगी एवं मानसिक स्वास्थ्य आकलन प्रशिक्षित कर्मी द्वारा की जाएगी, ताकि अवसाद की स्थिति में समुचित इलाज किया जा सके। इस मौके पर डीपीएम काननबाला, डीपीसी डॉ उदयन शर्मा, विकास कुमार सिंह, श्वेता सिंह, सुनीता दास, एसटीटी किरण देवी आदि मौजूद थे।

## छह दिसंबर को डकरा में मनेगा अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

**खलारी (आजाद सिपाही)।** एससी एसटी ओबीसी एकता मंच की बैठक बुधवार को भीमराव अंबेडकर पार्क में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस छह दिसंबर को मनाया जाएगा। इसे लेकर एक संचालित कमेटी बनाया गया। साथ ही इस दिवस को शांतिपूर्वक एवं नियमावली के साथ मनाने के लिए के लिए कमेटी गठित की गई। जिसमें संरक्षक मिथिलेश पासवान, बिगन सिंह भोगता, बहुरा मुंडा, कन्हाई पासी, महेंद्र उरांव, अशर्फी राम, शिवप्रसाद चौहान, विजय उरांव, पंकज कुमार प्रसाद, रंथु उरांव, अध्यक्ष देवपाल मुंडा, कार्यकारिणी अध्यक्ष दिलीप पासवान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार, पासवान रविंद्र बैठा, रामचरण सतनामी, अनिता एक्का, देवेंती देवी, सुदेश्वर ठाकुर, महावीर ग्वाला, रामू, जंग बहादुर राम, सुखराम सेठ, राम लखन गंझू, हरेंद्र पासवान, प्रवक्ता जगन्नाथ महतो, अमृत भोगता, सचिव अनिल कुमार पासवान, सह सचिव रामफल पासवान, योगेंद्र कुमार, शिवदेव लोहार, बबलू कुमार पासवान, लोकनाथ सतनामी, सगंठन हलीम खान, रमेश गंजू, हेमलाल सतनामी, कोषाध्यक्ष ध्वजा राम धोबी, जगदीश गंजू, कार्यालय प्रभारी संजय राम, भावेश वर्मा, मीडिया प्रभारी अमरलाल सतनामी, प्रदीप उरांव कार्यकारिणी सदस्य अनुराग ठाकुर, छविनाश पासवान, लालजीत गंझू, उत्तरा कुमार, नित्यानन्द कुमार, विनोद कुमार सतनामी, मनोज खांडेकर, संजय परियार, राजेश तूरी, उपेंद्र राम, मनोज तूरी, बाबूलाल गंजू, काशीराम सतनामी, बहादुर उरांव, भजोराम सतनामी, बालेश्वर उरांव, नागेश्वर महतो, अनूप कुमार रजक, प्रभु गंझू, अर्जुन उरांव, महेश तुरी, विवेकानंद महली, सुनीता एक्का, सुषमा कुमारी, गुलाबी देवी, चंदा बानो और यशोदा देवी आदि शआमिल हैं।

## सहयोग करें, सीसीएल हक देने में पीछे नहीं हटेगा : जीएम

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैविमो के सम्मेलन को संबोधित करते हुए एनके जीएम संजय कुमार ने कहा कि सीसीएल को सहयोग करें, सीसीएल हक देने में कभी पीछे नहीं हटेगा। मूल रैयतो, रैयतों के जमीन पर बसे ग्रामीणों व प्रभावितों के मुआवजा व कल्याण संबंधी सीसीएल द्वारा श्रेणी के अनुसार स्पष्ट निर्देश हैं। प्रबंधन मुआवजा देने में कभी पीछे नहीं हटता। बसर्ते संबंधित कागजात सही जमा किया जाय। उन्होंने जिप सदस्य, प्रखंड प्रमुख व संबंधित मुखिया से कहा कि विस्थापितों प्रभापितों की इमानदारी से पहचान करना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेवारी है। बताया कि पुरनाडीह के विस्थापितों के लिए बागी टोंगरी को एक विस्थापन साइट बनाया गया है। जो वहां जाना चाहेंगे उनके लिए प्लॉट चिन्हित कर उन्हें बसाया जाएगा। वहां बिजली, पानी, शिक्षा की व्यवस्था होगी। जामुनदोहर के लिए बिना डोकोमेंट मुआवजा का प्रपोजल आगे बढ़ा दिया गया है। पेमेंट के समय सारे डोकोमेंट देखे जाएंगे। बताया कि 17 में से 9 की स्वीकृति आते ही जेहलीटांड़ के 440 घर में 265 का मुआवजा फाइनल हो जाएगा। लेकिन सीसीएल को भी चलने के लिए जगह चाहिए। सीसीएल नहीं चलेगा तो हमलोग भी वेलफेयर कैसे कर पाएंगे। उन्होंने सीसीएल द्वारा किए गए और भविष्य के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## 10 दिसंबर को पिपरवार में आरसीएमयू के सीसीएल स्तरीय रीजनल कमेटी की बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के एरिया अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन एरिया सचिव विद्यापति सिंह ने किया। बैठक मे 10 दिसंबर को पिपरवार में होने वाले यूनियन के सीसीएल स्तरीय रीजनल सम्मेलन सह बैठक की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बताया गया कि पिपरवार में यूनियन के अध्यक्ष सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह की उपस्थिति में 10 दिसंबर को संगठन की मजबूती, दशा एवं दिशा के साथ कोल कामगारों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा होगी। वक्ताओं ने कहा कि पिपरवार में होने वाले सीसीएल स्तरीय रीजनल कमेटी की बैठक ऐतिहासिक होने वाली है। जिसमें यूनियन के सभी क्षेत्रों से पदाधिकारी शामिल होंगे। इस मौके पर कासिम उर्फ मुन्ना, विद्यापति सिंह, मिथिलेश शर्मा, नकुल प्रसाद, शंकर मुखर्जी, मोहम्मद अनवर, सलीम जावेद, राजेंद्र राम, सुमन मिश्रा, मुबारक हूसैन, भोला सिंह, मोजाहिद आलम, राहुल सिंह, मुखराम महतो, अशोक मुंडा आदि थे।

## मुरी में कुएं से महिला का शव बरामद

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** मुरी ओपी क्षेत्र के सुलुमजुड़ी के ईचाग गांव में बुधवार को भुवन आशा नामक व्यक्ति के खेत में स्थित कुएं से एक महिला का शव बरामद हुआ। खबर लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकती है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद बुधवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया। महिला की उम्र 50 वर्ष बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने पुलिस को कुएं में शव होने की सूचना दी। खबर मिलते ही सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप एवं मुरी ओपी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और महिला का शव कुएं से बाहर निकाला। इस मामले को लेकर मुरी ओपी पुलिस ने एक यूडी केस दर्ज किया है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 01 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# डीएसओ ने रातू झखराटांड़ के एक निजी गोदाम को किया सील



**गुप्त सूचना के आधार पर की कार्रवाई**

**सैकड़ों बैग पीडीएस का अनाज होने की आशंका**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** रातू में पीडीएस अनाज की कालाबाजारी रुकने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने रातू झखराटांड़ में एक निजी गोदाम की जांच करने पहुंचे। उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि निजी गोदाम में बड़ी मात्रा में जनवितरण दुकानों का पीडीएस चावल रखा गया है। परन्तु गोदाम मालिक को छापेमारी की सूचना पहले ही मिल गयी थी। आनन फानन में गोदाम बंद कर वह फरार हो गया। गोदाम पहुंचने के बाद डीएसओ ने गोदाम में ताला लटकता हुआ पाया। इस पर उन्होंने गोदाम को सील कर दिया। डीएसओ ने बताया कि गोदाम के मालिक का पता नहीं चल पाया है। गोदाम में भारी मात्रा में पीडीएस चावल होने की सूचना मिली है। परन्तु गोदाम बंद होने के कारण जांच पड़ताल नहीं हो पायी। फिलहाल गोदाम को सील कर दिया गया है।

## बेनियाजारा में पूर्व विधायक ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने बुधवार को बोंगईबेड़ा के बेनियाजारा गांव में नये बिजली ट्रांसफॉर्मर का फीता काटकर उदघाटन किया। मालूम हो कि गांव का ट्रांसफॉर्मर पिछले कई महींनों से खराब पड़ा था। ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने से बेनियाजारा सहित आसपास का इलाका अंधकार में डूबा था। पिछले दिनों भाजपा नेता धनीराम महतो एवं अन्य ग्रामीणों ने इसकी सूचना पूर्व विधायक रामकुमार पाहन को दी। सूचना पाते ही पूर्व विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर यहां एक नया ट्रांसफॉर्मर आवंटित कराया। महीनों बाद बिजली का दर्शन होने पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त हो गया तथा पूर्व विधायक के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, पंसस प्रतिनिधि धनीराम महतो, सुनील कु. महतो, अगमलाल महतो, जगेश्वर महतो सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस नेता मुन्ना मुंडा ने ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के युवा नेता मुन्ना मुण्डा ने बुधवार को अनगड़ा पंचायत के जराटोली गांव में 63 केवीए के नये बिजली ट्रांसफॉर्मर का विधिवत फीता काटकर उदघाटन किया। इस गांव का ट्रांसफॉर्मर काफी दिनों से खराब पड़ा था। गांव के लोग अंधेरे में रह रहे थे। इसकी सूचना कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी को मिली। उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया तथा अथक प्रयास से यहां एक नया ट्रांसफॉर्मर आवंटित कराया। मौके पर अजय मुण्डा, तिवारी भोगता, संजु मुण्डा, बालेश्वर महतो उपस्थित थे।

## मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद की



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड अंतर्गत बोंगईबेड़ा पंचायत के घोड़लतवा गांव निवासी मोहन महतो की मृत्यू पिछले दिनों बीमारी से हो गई थी। सूचना पाकर बुधवार को खिजरी विस के पूर्व आजसू प्रत्याशी पारसनाथ उरांव मृतक के घर पहुंचे तथा परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने मौके पर मृतक के श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री तथा नकद आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मौके पर आजसू के वरिष्ठ नेता विरेन्द्र सिंह भोगता, राजू महली, सुरेश प्रजापति, ज्योतिष महतो, चेतलाल महतो, कलेश महतो आदि उपस्थित थे।

## नवागढ़ पंचायत में चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण करने पहुंचे बीडीओ अनगड़ा



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के रंगामाटी बरवाटोली फुटबॉल मैदान के समीप खिलाड़ियों के लिए बन रहे ड्रेसिंग रूम निर्माण कार्य का निरीक्षण करने बुधवार को अनगड़ा बीडीओ उत्तम प्रसाद पहुंचे व कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिये। उससे पूर्व पंचायत में बन रहे प्रधानमंत्री अवास योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सोसो गांव के शुलेंद्र मुंडा, चामा मुंडा, रंजीत मुंडा, बंधन मुंडा, लालू मुंडा, शिवराम मुंडा सहित अन्य लोगों का अधूरा आवास देख नाराजगी व्यक्त की। उन सभी लाभुकों को जल्द आवास पूरा करने की बात कही। मौके पर भुनेश्वर बेदिया, मुखिया नवागढ़, पंचायत सचिव मुचीराम महतो, राहुल गुप्ता, जगदीश भोगता, ग्राम प्रधान राजेन्द्र शाही मुंडा आदि शामिल थे।

## चार नाबालिग जेल भेजे गये, एक फरार

**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू गांव के एक कोचिंग संस्थान में पढ़ने वाली छात्रा के साथ छेड़खानी और दुर्व्यवहार किये जाने के मामले को लेकर गांव के ही पांच युवकों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में एक आरोपी फरार है। जबकि चार नाबालिग युवकों को पुलिस ने त्वरित गिरफ्तारी कर इसे डूमरदगा स्थित बाल सुधार गृह जेल भेज दिया। इस मामले में भादवि 354/ 354डी/ 509/12 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। दर्ज प्राथमिकी अनुसार छात्राएं कोचिंग संस्थान में पढ़ने जाती थीं इसी दौरान युवको ने उसके साथ दुर्व्यवहार और छेड़खानी की थी।

**प्रदर्शन : अनियमित बिजली आपूर्ति को लेकर आजसू कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार धरना प्रदर्शन, कहा**

# एक सप्ताह के अंदर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पावर सब स्टेशन में की जायेगी तालाबंदी

**प्रदर्शन के बाद आजसू पार्टी ने विभाग के एसडीओ एवं जेइ को सौंपा ज्ञापन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** प्रखंड में बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था व लगातार बिजली कटौती की समस्या के खिलाफ बुधवार को आजसू कार्यकर्ताओं ने पावर सब स्टेशन बेड़वारी के समक्ष रोषपूर्ण धरना-प्रर्दशन किया। आजसू के प्रखंड अध्यक्ष जगन्नाथ महतो के नेतृत्व में आयोजित धरना-प्रर्दशन में लगातार की जा रही बिजली कटौती के खिलाफ बिजली विभाग को आड़े हाथों लिया गया तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि लगातार बिजली कटौती के कारण लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। खासकर छात्र-छात्राओं को बिजली के अभाव में घोर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रर्दशन के माध्यम से बिजली कटौती को बंद कर नियमित आपूर्ति व्यवस्था में सुधार करने, लोडशेडिंग की समस्या का सामाधान करने आदि मांग सरकार से की गई। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के अंदर बिजली की समस्या का सामाधान नहीं हुआ तो आजसू पार्टी पावर सब स्टेशन मे तालाबंदी के लिए बाध्य होगी। बाद में आजसू पार्टी द्वारा विभाग के एसडीओ एवं जेई को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बिजली आपूर्ति व्यवस्था में अविलंब सुधार करने की मांग की गई है। धरना-प्रर्दशन में आजसू के जिला प्रवक्ता रोशन लाल मुण्डा, वरिष्ठ नेता विरेन्द्र सिंह भोगता, जलनाथ चौधरी, नामकुम उपप्रमुख वीणा देवी, फुलकूमारी देवी, संजीव कुमार सिंह, पारसनाथ उरांव, धर्मेन्द्र सिंह, ज्योतिष महतो, महाबीर महतो, सुनील करमाली, किशुन महतो, सुरेश प्रजापति, राजू महली, प्रेम साहू, विष्णु महतो, शंकर बेदिया, सीताराम साहू, पारसनाथ महतो सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

# रातू में आजसू पार्टी ने बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर सब स्टेशन का किया घेराव

**कार्यालय में ताला जड़ फरार हुये अधिकारी, कार्यकर्ता धरना पर बैठे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रातू।** बिजली की आंखमिचोली व लचर व्यवस्था से परेशान ग्रामीणों संग आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को रातू सब स्टेशन में धरना प्रदर्शन किया। जिप अध्यक्ष निर्मला भगत व आजसू के हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांसी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता के अलावा ग्रामीण शामिल हुए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी हाल में बिजली की लचर व्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आजसू पार्टी हमेशा लोगों की परेशानियों को दूर करने की लड़ाई लड़ी है। बिजली विभाग कार्यालय घेराव की खबर पर विभाग के अधिकारी कार्यालय में ताला जड़ फरार हो गये। आजसू के कार्यकर्ता संबंधित अधिकारियों को बुलाने की मांग को लेकर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रातू चट्टी प्रांगण में दर्री बिछाकर धरने पर बैठ गये। इसके कुछ देर बाद विभाग के ही किसी व्यक्ति को 8 सूत्री मांग पत्र सौंप एक सप्ताह के अंदर बिजली की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गयी। मौके पर जिप सदस्य मनीषा देवी, आजम अंसारी, विवेक सिंह, राजाराम, चिंटू मिश्रा, संजय गोप, प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, सलगी देवी, बंधु महतो, प्रदीप पटेल, सुनील पहान, पांडु उरांव, सुशील घोष के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**यह है 8 सूत्री मांग पत्र :** क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था दूर करना, बिजली कटौती को यथाशीघ्र समाप्ति, गांव में तार, पोल एवं ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराना, नए बिजली कनेक्शन के लिए लो जाने वाली रिश्वत की राशि को फिक्स एवं सूचना पट पर अंकित करना, जर्जर तार पोल को यथाशीघ्र बदलना, हुरहुरी, कन्नौज, परहेपाट के अलावा अन्य गांव में तार, पोल व ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराना। पदाधिकारियों का समय से ऑफिस में बैठना सुनिश्चित करना एवं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बिजली से संबंधित आवेदनों का निष्पादन जल्द से जल्द करना शामिल है।

## विधिक सेवा प्राधिकार ने नारो गांव में किया जागरूकता कार्यक्रम

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची और झालसा के निर्देशानुसार न्यायायुक्त सह अध्यक्ष डालसा के मार्गदर्शन में नगड़ी प्रखंड के नारो गांव में संविधान सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर डालसा के पीएलवी बेबी देवी के द्वारा डायन बिसाही, वृद्धा, विधवा, विकलांग, पेंशन योजना फसल बीमा योजना, राशन कार्ड रोड दुर्घटना लेबर कार्ड बाल विवाह गुड टच, बैड टच एवं संविधान के मौलिक अधिकारों, मूल अधिकार तथा मूल कर्त्तव्य की पीएलवी ने पीड़ित मुआवजा एवं एसिड अटैक में प्राप्त होनेवाले मुआवजा के बारे में भी जानकारी दी। ग्रामीणों के बीच पम्पलेट, लिफलेट एवं कानूनी संबंधित पुस्तिका का वितरण किया गया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर रीना लिंडा, बेबी देवी, उमेश कुमार, सतीश कुमार, राजा सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर आजसू पार्टी का धरना प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नामकुम।** राज्य में बिजली की लचर व्यवस्था से नाराज आजसू पार्टी नामकुम प्रखंड कमेटी ने बुधवार को टाटीसिलवे स्थित बिजली विभाग में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुये कनीय अभियंता बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपा है। धरना प्रदर्शन के दौरान आजसू नेता सह तुपुदाना वयापार मंच के अध्यक्ष प्रदीप जयसवाल ने बताया कि अनियमित बिजली आपूर्ति से पूरे राज्य के उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है। चाहे मसला शिक्षा का हो या फिर व्यवसाय व कृषि का, लचर व्यवस्था का दंश सबको झेलना पड़ रहा है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला प्रवक्ता रोशन मुंडा ने स्पष्ट कहा कि मसले पर आजसू गंभीर है। यदि विभाग बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में पहल नही की तो आजसू पार्टी नामकुम प्रखंड कमेटी आंदोलन की राह पर चलने का बाध्य होगा। विभाग को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रखंड अध्यक्ष महावीर महतो, पिंटू नायक, पूर्व जिला परिषद सदस्य फुलकुमारी देवी, प्रखंड उपप्रमुख वीणा देवी, जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, उपाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, महानगर वरीय उपाध्यक्ष प्रदीप जयसवाल, रांची जिला सचिव राजू नायक, जिला प्रवक्ता रोशन मुंडा, मुकेश नायक, सोनू नायक, काशीनाथ महतो, राजू उरांव, सावित्री देवी, अजीत कुमार आदि शामिल थे।

**आंदोलन : नयासराय के मुड़मा गांव में धरना-प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों से मिले विहिप के पदाधिकारी, कहा**

# कोई अप्रिय घटना घटती है तो संपूर्ण हिंदू समाज की भावनाएं आहत होंगी

**ग्रामीण प्राचीन बूढ़ा महादेव मंदिर और छठ तालाब तक रास्ता छोड़कर निर्माण कार्य करने की गेल कंपनी से मांग को लेकर दे रहे धरना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पिस्कानगड़ी।** विश्व हिंदू परिषद का एक प्रतिनिधि मंडल विहिप के प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, रांची ग्रामीण जिला मंत्री रोबिन कुमार, जिला सहमंत्री रौशन चौधरी, रातू प्रखंड उपाध्यक्ष ज्योति कुमार ने बुधवार को नगड़ी के मुड़मा-नयासराय में दस दिनों से धरने पर बैठे आंदोलनकारी ग्रामीणों से मिलकर वस्तु स्थिति की जानकारी ली। विदित हो कि मुड़मा नयासराय में गेल और आईआईएम संस्थान द्वारा भवन, चार दिवारी आदि का निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां निर्माण कार्य हो रहा है वहां बस्ती से प्राचीन बूढ़ा महादेव मंदिर और छठ तालाब तक जाने का रास्ता है तथा कई धार्मिक कार्य सैकड़ों वर्षों होते आ रहा है। ग्रामीणों की आईआईएम प्रबंधन से एक ही मांग है कि हमारी वर्षों की धार्मिक, सामाजिक, श्रद्धा व आस्था का केंद्र प्राचीन बूढ़ा महादेव मंदिर और छठ तालाब तक केवल 14 फीट का रास्ता छोड़कर ही निर्माण कार्य करे। प्रबंधन यदि जबरन निर्माण कार्य करने की कोशिश की तो हम लोग अपनी जान दे देंगे लेकिन निर्माण कार्य नहीं होने देंगे।

मौके पर विहिप प्रतिनिधि मंडल ने धरना कर्मियों को आश्वासन दिया कि इस संदर्भ में विहिप स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं प्रबंधन के आला अधिकारियों से मिलकर ग्रामीणों का पक्ष रखेंगे। क्योंकि यह धार्मिक स्थल केवल मुड़मा-नयासराय गांव का ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज का है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटती है तो इससे संपूर्ण हिन्दू समाज की भावनाएं आहत होंगी।

धरना पर ग्रामीण दक्षिणी टुंडुल मुखिया ममता तिर्की, उप मुखिया जहाना परवीन, समाजसेवी शंभूनाथ देवघरिया, बीजू महतो, पुष्पा देवी, लक्ष्मी मिर्धा, नीता देवी, सुनीता देवी, सिरका तिर्की, दिनेश मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आजसू पार्टी ने ज्ञापन देकर लचर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की



**कांके (आजाद सिपाही)।** राज्य सहित कांके क्षेत्र में खराब लचर बिजली व्यवस्था को लेकर आजसू पार्टी प्रखंड समिति ने सहायक विद्युत अभियंता मो. साबिर कांके विद्युत सबस्टेशन को ज्ञापन देकर इसे शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है। ज्ञापन में विद्युत कार्यालय कांके रांची में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने, अंधेरा होने के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित होने सहित आवश्यक काम आम जनता का बाधित होने की बात कही है। जिसमें रांची जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो, संगठन सचिव रांची जिला अभिषेक राज हेरेंज, जिला उपाध्यक्ष एतवा उरांव, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष सैफुल्लाह अंसारी, प्रवक्ता सूरज कुमार मिश्रा, राजेश महतो, संदीप कुमार, प्रखंड सचिव सुरेंद्र महतो प्रखंड महिला अध्यक्ष बबली कुमारी, जिला सचिव शिवाजी पाटील अमित महतो, आनंद महतो, बिंदेश्वर महतो, सचिन महतो सहित पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भारत रत्न राजीव दीक्षित की जयंती व पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गयी



**नामकुम (आजाााद सिपाही)।** विश्वा संजीवनी ट्रस्ट और कुमार नेचूरोपैथी योग एवं आयुर्वेद चिकित्सालय प्रगति पथ लोअर चुटिया नामकुम के तत्वावधान में बुधवार को स्वदेशी के प्रखर प्रवक्ता तथा सत्य को कायम रखने की क्षमता रखने वाले भारत रत्न भाई राजीव दीक्षित की जयंती व पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। इस मौके पर ट्रस्ट के सचिव डॉ वी.के सिंह ने कहा कि भाई राजीव दीक्षित का जन्म 30 नवंबर 1967 को हुआ था और 30 नवंबर 2010 को भिलाई में निधन हो गया था। बाबा रामदेव ने उन्हें भारत स्वाभिमान के राष्ट्रीय महासचिव का दायित्व सौंपा था, जिस पद पर वे अपनी मृत्यु तक रहे। कहा कि अंग्रेजों ने हमें गुलाम क्यों बनाया था। इस विषय पर भाई राजीव ने जीवित रहते 20 सालों के दौरान लगभग 12 हजार से अधिक व्याख्यान दिये। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सानिया सिंह, सलाहकार डॉ दिलीप कुमार, कोषाध्यक्ष कामेश्वर महतो, प्रयास सोसाइटी के सचिव दिनेश कुमार सिंह, सदस्य गणेश गोप, रविंद्र झा, प्रेम वर्मा, कृष्णा साहू, अनिल सिन्हा के साथ आदि मौजूद थे।

### विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ने एसएसवीएम बेड़ो का किया निरीक्षण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव जी ने बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो का औचक निरीक्षण किया। मौके पर गुमला विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र, रांची विभाग के निरीक्षक फनींद्र नाथ आदि मौजूद थे। वहीं अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश नारायण सिंह ने कराया। इस दौरान उन्होंने शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास हेतु खेलकूद और योग पर चर्चा की। वहीं मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष भवानी शरण सिंह, सचिव वाणी कुमार राय, कोषाध्यक्ष भीखा उरांव समेत सभी आचार्य एवं शिक्षिका मौजूद थे।

### बीड़ओ को सेवानिवृत्ति पर दी गयी विदाई



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड संसाधन केंद्र इटकी की शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अनुराधा रानी बुधवार को सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर बीआरसी मैं उन्हें शॉल ओढ़ाकर वह बुके के देकर विदाई दी गई। जानकारी के अनुसार वह लगभग दो वर्षों तक इटकी में सेवा दीं। उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। इस अवसर पर रूमाना परवीन, आभा कुजूर, नूतन तिर्की, वसीम अहमद, वहाब हमजा, श्याम कुमार, दानिश निजाम, अनिरुद्ध कुमार शंकर महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### राज्यसभा सांसद ने सड़क का किया उद्घाटन



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार सिर्फ झारखंडवासियों को हसीन सपने दिखाने का कार्य कर रही है। उक्त बातें राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने बुधवार को ठाकुरगांव स्थित मुड़लाटोली में अपने मद से निर्मित पेवर ब्लॉक सड़क के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। साथ ही सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, गंगोत्री कुजूर, मंडल अध्यक्ष उत्पल शाहदेव, रामकुमार दुबे ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व अतिथियों ने मुड़लाटोली हनुमान मंदिर से अखरा तक पेवर ब्लॉक सड़क का उदघाटन किया। मौके पर बिंटू शाहदेव, अमृत महतो, सुरेश ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे।

### धान काटने को लेकर हुए विवाद में एक घायल

**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके थाना क्षेत्र के चौड़ी बस्ती में धान की लगी फसल को काटने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति को हाथ पांव बांधकर जमकर पीटा गया और इस मारपीट में 45 वर्षीय रंजीत गाड़ी घायल हो गया। इसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके में कराया गया। घटना बुधवार दोपहर 2 बजे की है। इस संबंध में कांके थाना में लिखित शिकायत की गई है। रंजीत गाड़ी की पत्नी धनी गाड़ी ने अपने दिए आवेदन में कहा है कि चौड़ी बस्ती स्थित 2 एकड़ 40 डिसमिल जमीन पर कुर्सी विवाद चला आ रहा है। इस पर धान की फसल लगी है। जिस पर अपने भाइयों के साथी रंजीत गाड़ी का विवाद चल रहा है। इस जमीन पर धारा 144 लगी हुई है। विवाद एसडीओ रांची के न्यायालय में चल रहा है। 10 अक्टूबर को 60 दिनों के लिए माननीय न्यायालय ने धारा 144 लगायी है। 144 धारा लगे होने के बावजूद इनके भाई और इनके परिजन धान की लगी फसल को काट रहे थे। मैं और मेरा मेरे पति यह सूचना पाकर जमीन पर गए। धान काटने से मना किया तो नीरज गाड़ी, सोहराई गाड़ी, वरुण सिंह, सुप्रिया कुमारी, हिन्दीया गाड़ी, नूतन लिंडा, भदलू लिंडा, बबलू ड्राइवर सीमा खलखो इन सभी लोगों ने मेरे मना करने पर हम लोगों के साथ मारपीट करने लगे और मोबाइल सहित पांच हजार रुपया भी छीन लिया। इन सभी ने मिलकर मेरे पति को गमछा से हाथ पांव बांध कर हसुवा, लाठी से मारपीट करने

